# छत्तीसगढ़
# फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी

ए-4 ऐश्वर्या किंगडम, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001, india,email- mishrasubhash19@gmail.com
+91 9425203900, +91 895944440
छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अंतर्गत पंजीकृत पंजीयन क्रमांक - 5142
Website-www.cgfavas.com, www.cgriff.in

## हबीब तनवीर राष्ट्रीय नाट्य स्पर्धा -2019

**8 से 12 नवंबर 2019 जनमंच, रायपुर**

दिनांक ..........................................................

प्रतियोगी दल का नाम ..........................................................

दल के मुख्य व्यक्ति का नाम ..........................................................

पता ..........................................................

संपर्क सूत्र (मोबाईल, ईमेल) ..........................................................

नाटक/ लोक नाट्य का शीर्षक ..........................................................

मूल लेखक ..........................................................

अनुवादक ..........................................................

निर्देशक ..........................................................

कलाकारों की संख्या मंच पर ..............................(मंच परे)..............................

मैं और मेरा दल प्रतियोगिता के सभी नियमों का पालन करेंगे।
किसी भी विवादास्पद स्थिति में आयोजक एवं निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा और यह हमें मान्य होगा।

अपनी प्रस्तुति के पहले हम सारे कलाकारों (पात्रों के नाम सहित) के नाम पर बैक स्टैज के कलाकारों के नाम की सूची (4 प्रतियों में) आयोजक को उपलब्ध करा देंगे।

हस्ताक्षर ..............................
नाम ..............................

महाविद्यालय की अनुशंसा: प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त दल द्वारा दी गई जानकारी सही है और महाविद्यालय की ओर से इन्हें नाट्य स्पर्धा में भाग लेने की अनुशंसा की जाती है।

प्राचार्य

# हबीब तनवीर राष्ट्रीय नाट्य स्पर्धा -2019

छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी रायपुर आगामी 8 नवंबर से 12 नवंबर तक 5 दिवसीय प्रथम हबीब तनवीर नाट्य स्पर्धा जनमंच रायपुर में करने जा रही है। इस नाट्य स्पर्धा में देश के शौकिया अव्यवसायी नाट्य समूह, छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों के नाट्यदल तथा लोक नाट्य मंडलियां भाग ले सकेंगी।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अव्यवसायिक नाट्य समूह, छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय, लोक नाट्य मंडलियां हेतु नियम और शर्तें:-

1. इस नाट्य प्रतियोगिता में देश का कोई भी अव्यवसायिक नाट्य समूह, छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय के नाट्यदल, लोक नाट्य मंडलियां भाग ले सकती हैं।

2. नाटक की न्यूनतम अवधि 30 मिनट एवं अधिकतम अवधि 50 मिनिट निर्धारित की गई है। अधिकतम 10 मिनट की अवधि अतिरिक्त रूप से मंच सज्जा के लिए दी जाएगी।

3. प्रतियोगिता फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 2019 रात्रि 8.00 बजे तक है। फार्म जनमंच, सेक्टर-8 एचआईजी 27 सड्डू, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबुजा मॉल के पीछे, साइंस सेंटर के पास से प्राप्त किया जा सकता है।

4. प्रतियोगिता शुल्क 1000/- प्रति प्रविष्टि निर्धारित है।

5.नाट्य प्रतियोगिता के लिए निर्धारित पुरस्कार :-

1. अव्यवसायिक नाट्य समूह की सर्वश्रेष्ठ नाट्य- प्रस्तुति करने वाले विजेता दल को प्रथम पुरस्कार 10,000/-, द्वितीय- 7,000/-, तृतीय- 5000/- दिया जाएगा।

2. लोक नाट्य स्पर्धा के पुरस्कार 1. सर्वश्रेष्ठ नाट्य- प्रस्तुति करने वाले विजेता दल को प्रथम पुरस्कार 5,000/- द्वितीय- 3,000/-, तृतीय- 2000/- दिया जाएगा।

3. छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय समूह की सर्वश्रेष्ठ नाट्य- प्रस्तुति करने वाले विजेता दल को प्रथम पुरस्कार 5,000/-, द्वितीय 3000/-, तृतीय 2000/-

4. तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार- 5000/-

5. तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार- 5000/-

6. तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रूप सज्जा/ कास्ट्यूम 2000/-

7. तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ नेपथ्य सज्जा- 2000/-

8. तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ संगीत संयोजन- 2000/-

9. तीनों श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रकाश व्यवस्था- 2000/-

10. स्पर्धा में शामिल होने वाले सभी दलों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

6. प्रतियोगी दलों की नाट्य प्रस्तुति / लोक नाट्य के लिए अधिकतम 45 मिनट का समय दिया जाएगा। अतिरिक्त 10 मिनट की अवधि में नाट्य दल सेट लगाने, प्रकाश व्यवस्था करने से लेकर मंचन समाप्त होने पर सेट हटाने इत्यादि का भी कार्य करेंगे।

7. रायपुर के बाहर से आने वाले प्रतियोगी दलों को कोई यात्रा व्यय नहीं दिया जावेगा। बाहर से आने वाले दलों को रायपुर में ठहरने और भोजन के लिए असुविधा न हो, इस बात को देखते हुए 200 रुपए प्रति सदस्य की दर से होटल की एसी डामेट्री में रुकने तथा 100 रुपए प्रति थाली भोजन की व्यवस्था है, जिसका व्यय स्वयं दल को करना होगा। ठहरने और भोजन की व्यवस्था हेतु पूर्व से सूचित करना होगा ताकि संबंधितों को सूचित कर रूम और भोजन व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके।

8. मंच व्यवस्था ध्वनि प्रकाश की न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष सुविधाओं का प्रबंध प्रतियोगी दल स्वयं करेंगे।

9. नाट्य प्रस्तुति व गुणवत्ता का निर्धारण कथावस्तु पात्रों के अभिनय, मंच सज्जा एवं समग्र प्रभावों के आधार पर किया जावेगा।

10. एक नाट्य दल केवल एक ही नाटक/ लोक नाट्य की प्रस्तुति की प्रविष्टि दे सकेगा।

11. प्रस्तुति में फूहड़ व अश्लील प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। जाति, धर्म संप्रदाय संबंधी टीका टिप्पणियों व व्यक्तिगत आक्षेप भी नहीं किये जा सकेंगे। नाट्य स्पर्धा प्रस्तुति में किसी भी रूप में अग्नि का इस्तेमाल निषिद्ध रहेगा।

12. प्रस्तुतियों के मंचन का क्रम आयोजकों द्वारा तय किया जावेगा। प्रतियोगी दल अपने निर्धारित समय से एक घंटा पहले जनमंच में उपस्थित रहेंगे। प्रस्तुतियों के क्रम में फेरबदल हो सकता है जो प्रस्तुतिकर्ताओं को स्वीकार होगा।

13. प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले दल को निर्धारित आवेदन पत्र के साथ नाटक का कथासार की 5 प्रतियां और नाटक की पटकथा (स्क्रीप्ट) को जमा करना अनिवार्य है।

14. नाट्य स्पर्धा में निर्णायकों को निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। निर्णायकों को पूरा अधिकार होगा कि वे पुरस्कारों संख्या व राशि इत्यादि कम या अधिक कर सकेंगे। किसी भी स्थिति में निर्णायकों का निर्णय सर्वमान्य होगा।

प्रविष्टि देने अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 2019 है। प्रविष्ठियां संलग्न प्रविष्ठि पत्र में ***छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी जनमंच, सेक्टर-8 एचआईजी 27 सड्डू, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबुजा मॉल के पीछे, साइंस सेंटर के पास रायपुर पते पर भेजे।***

अधिक जानकारी के लिए - हेमंत यादव 9584256000, शत्रुघ्न निषाद 6261014914, महेन्द्र सिंह राजपूत 8817438531, 9131381209 आकाश वैष्णव 6264633665 के मोबाइल नंबर या कार्यालयीन समय 10 से 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट www.cgfavas.com पर लॉगइन कर भरा जा सकता है प्रविष्टि शुल्क भी ऑनलाइन जमा किया सकता है।

**सुभाष मिश्र**
**अध्यक्ष**
**छत्तीसगढ़ फिल्म एंड आर्ट सोसाइटी रायपुर ( छत्तीसगढ़ )**
**मोबाइल नंबर 9425203900, 8959444440**
**Mail: subhashmishraeditor@gmail.com**